# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **07.06.2026** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में प्रबुद्ध जनसंवाद कार्यक्रम में विकास कार्यों की सराहना की : कहा– रक्षा उत्पादन और अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बन रही है राजधानी।
2. उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक और समकक्ष पदों के लिये कल से 10 जून तक आयोजित होगी भर्ती परीक्षा : पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन के बीच चलाई दो विशेष ट्रेनें।
3. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा– केंद्र और प्रदेश सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को मजबूत बनाये रखने के लिए है दृढ़–संकल्पित।

और

4. मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में अगले दो दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस वृद्धि की जताई आशंका : बुंदेलखंड में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी।

———————————

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ क कैंट विधानसभा क्षेत्र के मंडल–एक में आयोजित 'प्रबुद्ध जनसंवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है, रिंग रोड के निर्माण से जहां यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, वहीं कानून व्यवस्था भी दुरूस्त हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ रक्षा उत्पादन और अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कानपुर देहात के अकबरपुर में प्रबुद्ध वर्ग से संवाद किया और केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भी संवाद किया और संगठन से मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री चौधरी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल

स्तर तक योग शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बाइट....

*भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सदैव काम करता रहता है। 365 दिन काम करता है। चुनाव हो या चुनाव ना हो। यह सही है कि चुनाव जब आता है तो थोड़ा सा और रणनीति चेंज करनी पड़ती है और मुझे पूरा विश्वास है कि अपने कार्यकर्ताओं के बल पर और जो 12 साल तक प्रधानमंत्री जी ने काम किया है और जो 10 साल तक योगी जी ने काम किया है। उन दोनों कार्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश में 2017 से भी बड़ा बहुमत लेकर के हम चुनाव जीतेंगे।*

——————————

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने वाराणसी में पत्रकार वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं का विकास हो रहा है। उन्होंन कहा कि सरकार पेपर लीक मामले पर सख्त कार्रवाई कर रही है और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बाइट....

*मोदी जी का नेतृत्व सबको साथ में ले जाने वाला नेतृत्व है। देश के विकास का नेतृत्व है। किसान है, गरीब है, महिला है, युवा है, यह सबको न्याय देने वाला उनका नेतृत्व है। उनके पास मेजोरिटी है और नीट एग्जाम में जो भी मतलब गड़बड़ हुई है। नीट घोटाले में या नीट पेपर फूटी में जो भी लोग है, उनको बख्शा नहीं जाएगा।*

——————————

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मिर्ज़ापुर में जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्यायें को सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान

केंद्रीय राज्य मंत्री ने ग्राम पंचायत नौहा के लखौली गांव में नल से जल योजना के तहत जलापूर्ति न होने के मामले को गंभीरता से लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

——————————

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक और समकक्ष पदों के लिये कल से 10 जून तक 75 जिलों में 1180 केंद्रों पर तीन दिवसीय लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रन्नति बोर्ड के अपर सचिव भर्ती सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज ने बताया है कि ये परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। एक रिपोर्ट...

*भर्ती परीक्षा में 32 हजार से अधिक पदों के लिए तीस लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की भागीदारी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन के बीच दो विशेष अनारक्षित ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। अभ्यर्थी बिना टिकट बुकिंग के आसानी से यात्रा कर सकेंगे। वहीं परिवहन निगम रियायती दरों पर परीक्षार्थियों को सेवा उपलब्ध करायेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानन के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में चौथे स्तम्भ की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, केंद्र और प्रदेश सरकार इसे मजबूत बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने आज आगरा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में कहा कि देश क़ी जनता के आशीर्वाद से 10 जून को सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त होगा। बाइट....

*10 जून को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो केंद्र की सरकार हमारी चल रही है, सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री के पद पर रहने का गौरव देश की जनता की आशीर्वाद से उनको प्राप्त हुआ है। मैं इसकी माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूं और यह देश के लिए गौरव की बात है और अभी हम मानते हैं कि 2029 तक ही नहीं आगे भी अभी कई चुनाव में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ही हम सबका नेतृत्व करेंगे और देश को विकसित बनाएंगे। विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश।*

——————————

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने आज मऊ में मधुबन क्षेत्र स्थित इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एडिप और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के

अन्तर्गत 2500 से अधिक दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क ट्राई साइकिल और अन्य सहायक उपकरण का वितरण किये।

——————————

देवरिया में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खनुवा नदी में वृहद स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी से शैवाल जलकुंभी, अवशेष पदार्थ को नाव, जेसीबी की मदद से साफ किया गया। कृषि मंत्री ने वृक्षारोपण भी किया। अभियान में एसडीआरएफ और पीएससी 26वीं वाहिनी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल ने भाग लिया।

——————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सिलेंडर किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सस्ते हैं और अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

*पश्चिम एशिया में हाल के संकट के दौरान ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए सरकार ने कहा है कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल रहा, जिसने समुद्री यातायात में गंभीर बाधाओं के बावजूद*

*होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखा। सरकार के अनुसार, देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं हुई और एलपीजी की वितरण व्यवस्था भी सामान्य रूप से चलती रही। मंत्रालय के अनुसार, आपूर्ति में व्यवधान की अवधि के दौरान घरेलू एलपीजी उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई। प्रिया मंडल की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।*

**वहीं आज, घरेलू रसोई गैस की कीमत में 14 किलो दो सौ ग्राम के सिलेंडर पर 29 रुपये की वृद्धि की गई है। लखनऊ में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 9 सौ उन्यासी रुपये 50 पैसे हो गई है।**

**———————**

**प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कल से अगले दो दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की आशंका जताई है। इस दौरान बुंदेलखंड और प्रयागराज में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी जिलों में 10 जून से कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बौछारे पड़ने का अनुमान है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 11 जून से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और कहीं–कहीं पर बारिश होने की संभावना है।**

**———————**